HPTET Language Teacher Question Paper Held On 27 November 2023 By www.Himexam.com

## SECTION–I : HINDI COURSE OF GRADUATION LEVEL

1. ग्रिम बंधुओं ने धर्मगाथाओं (माइथोलोजी) को आधार बनाकर लोक साहित्य का अध्ययन किस शताब्दी में प्रारंभ किया?

(A) 16 वीं

(B) 18 वीं

(C) 19 वीं

(D) 17 वीं।

2. "साहित्य का इतिहास जनता की चित्तवृत्ति का इतिहास है" यह कथन किसका है?

(A) डॉ. राम कुमार वर्मा

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) गणपति चंद्र गुप्त

(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल।

3. भारतीय आर्यभाषाओं को काल की दृष्टि से कितने वर्गों में विभाजित किया जा सकता है?

(A) 3

(B) 4

(C) 2

(D) 1.

4. "गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग" यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) गोरखनाथ

(B) तुलसीदास

(C) कबीर

(D) रैदास।

5. 'कुमारपाल प्रतिबोध' किसकी रचना है?

(A) हेमचंद्र

(B) विद्याधर

(C) सोमप्रभ सूरि

(D) जैनाचार्य मेरुतुंग।

6. अध्यापक पूर्ण सिंह का निबंध कौन-सा नहीं है?

(A) मजदूरी और प्रेम

(B) सच्ची वीरता

(C) फिर निराशा क्यों

(D) आचरण की सभ्यता।

7. द्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य कौन थे?

(A) रामानुजाचार्य

(B) मध्वाचार्य

(C) विष्णु स्वामी

(D) रामानंद।

8. निम्न रचनाओं को आरोही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(A) रसिकप्रिया, रामचंद्रिका, कविप्रिया, रतनबावनी

(B) रतनबावनी, कविप्रिया, रामचंद्रिका, रसिकप्रिया

(C) रसिकप्रिया, कविप्रिया, रामचंद्रिका, रतनबावनी

(D) रतनबावनी, कविप्रिया, रामचंद्रिका, रसिकप्रिया।

9. इनमें से अवधी किसके अंतर्गत आती है?

(A) बिहारी

(B) राजस्थानी

(C) पश्चिमी हिन्दी

(D) पूर्वी हिन्दी।

10. देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ?

(A) खरोष्ठी

(B) चित्रलिपि

(C) ब्राह्मी लिपि

(D) गुरुमुखी लिपि।

11. 'आँधी के आम' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए:

(A) सस्ती चीज

(B) आनंदित होना

(C) कोई प्रयत्न बाकी न रखना

(D) बुरा लगना।

12. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' किस भाषा में लिखी गई गद्य रचना है?

(A) हिन्दी

(B) राजस्थानी

(C) ब्रजभाषा

(D) अपभ्रंश।

himexam



13. 'ड्राफ्ट' को हिन्दी में क्या कहते हैं?

(A) प्रारुपण

(B) प्रतिवेदन

(C) टिप्पण

(D) पत्र।

14. मुख्य रूप से क्रिया के कितने भेद हैं:

(A) चार

(B) एक

(C) तीन

(D) दो।

15. 'ज' किस वर्ग का व्यंजन है?

(A) ओष्ठ्य

(B) तालव्य

(C) दंत्य

(D) ऊष्म।

16. शुद्ध रूप लिखिए/पहचानिए:

(A) स्वास्थ

(B) स्वासथ्य

(C) सवास्थय

(D) स्वास्थ्य।

17. 'बीसलदेव रासो' किस श्रेणी का काव्य है?

(A) मुक्तक काव्य

(B) भक्ति काव्य

(C) गेय काव्य

(D) प्रबन्ध काव्य।

18. आल्हाखंड के रचरिता कौन हैं?

(A) जगनिक

(B) महोबा

(C) नरेश

(D) पृथ्वीराज।

19. कविवर बिहारी किस राजा के दरबारी कवि थे?

(A) जयचंद

(B) गणेश्वर

(C) जयसिंह

(D) विक्रमादित्य।

20. 'खुसरो' किस प्रसिद्ध सूफी संत के शिष्य थे?

(A) अली निजामुद्दीन

(B) फकीर निजामुद्दीन

(C) निजामुद्दीन औलिया

(D) निजामुद्दीन।

21. इनमें से दामोदर शर्मा की कृति कौन-सी है?

(A) वर्ण रत्नाकर

(B) संदेश रासक

(C) उक्ति-व्यक्ति-प्रकरण

(D) शब्दानुशासन।

22. 'कविवचन सुधा' पत्रिका किस युग में प्रकाशित होती थी?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) छायावादी युग

(D) छायावादोत्तर।

23. शुक्ल जी ने आदिकाल का नामकरण किया है:

(A) आरंभिक काल

(B) चारणकाल

(C) वीरगाथा काल

(D) प्रारंभिक काल।

24. परदा कहानी का नायक कौन है?

(A) चौधरी पीरबख्श

(B) इलाही बख्श

(C) बबर अली

(D) मनोरी।

25. 'हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास' किसकी रचना है?

(A) बच्चन सिंह

(B) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(C) डॉ. नगेन्द्र

(D) डॉ. हरदयाल।

26. 'लंबोदर' किस समास का उदाहरण है?

(A) बहुब्रीहि

(B) तत्पुरुष

(C) द्विगु

(D) कर्मधारय।

27. रसखान के काव्य का आलंबन है:

(A) ब्रह्मा

(B) विष्णु

(C) कृष्ण

(D) राम।



28. कबीर शब्द का अर्थ है:

(A) कर्मवीर

(B) छोटा

(C) बड़ा

(D) महान।

29. रामचरित मानस में कितने कांड हैं:

(A) सात

(B) नौ

(C) दस

(D) सोलह।

30. त्यागपत्र उपन्यास को किस कोटि में रखेंगे?

(A) ऐतिहासिक

(B) मनोवैज्ञानिक आत्मकथात्मक

(C) सामाजिक

(D) राजनीतिक।

31. 'प्रगतिशील लेखक संघ' की अध्यक्षता प्रेमचंद ने कब की थी?

(A) 1936 ई.

(B) 1938 ई.

(C) 1940 ई.

(D) 1942 ई.।

32. अनुवाद का समानार्थक शब्द कौन-सा है?

(A) ट्रांसलेशन

(B) तर्जुमा

(C) अनुवाक्

(D) ट्रडुक्शन।

33. लिप्यांतरण से क्या अभिप्राय है?

(A) अर्थ परिवर्तन

(B) शब्द परिवर्तन

(C) लिपि परिवर्तन

(D) शब्दानुवाद।

34. आधुनिक हिन्दी साहित्य का प्रारम्भ किस कवि के साहित्य से हुआ?

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) हरिऔध

(C) बालकृष्ण शर्मा

(D) भारतेंदु हरिश्चन्द्र।

35. जिस भाषा से अनुवाद किया जाता है उसे क्या कहते हैं?

(A) अनूदित भाषा

(B) स्रोतभाषा

(C) लक्ष्य भाषा

(D) अनुवाद।

36. हिन्दी साहित्य के किस रचनाकार को अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार 2022 मिला?

(A) गीतांजलि श्री

(B) ममता कालिया

(C) मृदुला गर्ग

(D) अनामिका।

37. संचारी भावो की संख्या कितनी है?

(A) 23

(B) 33

(C) 43

(D) 53.

38. ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन हैं?

(A) राजा राममोहन राय

(B) केशवचंद्र सेन

(C) विवेकानंद

(D) स्वामी दयानंद।

39. मुक्तिबोध का प्रथम प्रकाशित काव्य संग्रह कौन सा है?

(A) चाँद का मुँह टेढ़ा है

(B) अंधेरे में

(C) भूरी-भूरी खाक-धूल

(D) इनमें से कोई नहीं।

40. उपकार को भूलने वाला:

(A) कृतघ्न

(B) कृपण

(C) कृतज्ञ

(D) उपकारी।

41. 'अंगद का पाँव' निबंध के रचयिता हैं?

(A) श्री लाल शुक्ल

(B) जैनेन्द्र

(C) शरद जोशी

(D) दिनकर।



42. फीचर किस प्रकार की विधा मानी जाती है?

(A) समस्या प्रधान

(B) विषय प्रधान

(C) व्यक्ति प्रधान

(D) पात्र प्रधान।

43. यशपाल का पहला कहानी संग्रह पिंजरे की उड़ान कब प्रकाशित हुआ?

(A) 1931 ई.

(B) 1933 ई.

(C) 1936 ई.

(D) 1939 ई.।

44. प्रभा खेतान ने किस विषय में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की?

(A) अंग्रेजी

(B) हिन्दी

(C) दर्शनशास्त्र

(D) राजनीति विज्ञान।

45. 'घासीराम कोतवाल' नाटक मूलतः किस भाषा में लिखा गया है?

(A) गुजराती

(B) बंगला

(C) मराठी

(D) हिन्दी।

46. आचार्य शुक्ल के निबंध संग्रह का नाम क्या है?

(A) निबंध नवनीत

(B) अशोक के फूल

(C) चिंतामणि

(D) निबंधमाला।

47. किस भारतीय विद्वान ने अनुवाद और भाषांतर को पर्याय शब्द माना जाता है?

(A) पं. रामप्रसाद निरंजनी

(B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

(C) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(D) पं. दौलतराम जैन।

48. 'संस्कार' उपन्यास के रचयिता हैं?

(A) यू.आर. अनन्तमूर्ति

(B) विजय तेंदुलकर

(C) गिरीश कर्नाड

(D) भूपेन।

49. 'महादेवी वर्मा' को 1956 ई. में कौन-सी राष्ट्रीय उपाधि दी गई?

(A) पद्मविभूषण

(B) पद्मभूषण

(C) पद्मश्री

(D) इनमें से कोई नहीं।

50. हजारी प्रसाद द्विवेदी का देहांत कब हुआ था?

(A) 1979 ई.

(B) 1980 ई.

(C) 1982 ई.

(D) 1984 ई.।

51. काल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(A) भारतेन्दु युग, प्रयोगवाद, रीतिकाल, छायावाद

(B) छायावाद, प्रयोगवाद, रीतिकाल, भारतेन्दु युग

(C) प्रयोगवाद, रीतिकाल, भारतेन्दु युग, छायावाद

(D) रीतिकाल, भारतेन्दु युग, छायावाद, प्रयोगवाद।

52. निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकाल के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(A) मृगावती, चंदायन, पद्मावत, अनुराग बांसुरी

(B) चंदायन, पद्मावत, मृगावती, अनुराग बांसुरी

(C) चंदायन, मृगावती, पद्मावत, अनुराग बांसुरी

(D) अनुराग बांसुरी, मृगावती, पद्मावत, चंदायन।



53. 'रुकोगी नहीं राधिका,' 'शेषयात्रा' उषा प्रियंवदा की किस विधा की रचनाएँ है?

(A) उपन्यास

(B) नाटक

(C) कहानी

(D) निबंध।

54. निम्नलिखित पंक्तियों को रचनाकारों से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए:

(i) रवि ससि नखत दियहिं ओहि जोती — 1. कबीर

(ii) प्रभजी तुम धन बन हम मोरा — 2. मलूकदास

(iii) काहे को न लिनी तू कुम्हिलानी — 3. जायसी

(iv) अजगर करे न चाकरी — 4. रैदास

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

55. 'रास पंचाध्यायी' के रचयिता कवि कौन थे?

(A) नन्ददास

(B) परमानन्ददास

(C) हरिराम व्यास

(D) ध्रुवदास।

56. 'भ्रमरगीत' का मूल प्रेरणा स्रोत कौन-सा पुराण है:

(A) नारद पुराण

(B) हरिवंश पुराण

(C) श्रीमद् भागवत पुराण

(D) शिव पुराण।

57. पुष्टिमार्ग का सम्बन्ध किस सम्प्रदाय से है?

(A) हरिदासी सम्प्रदाय

(B) वल्लभ सम्प्रदाय

(C) चैतन्य सम्प्रदाय

(D) राधावल्लभ सम्प्रदाय।

58. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए:

| कवि का नाम | जीवन काल |
|---|---|
| (i) सूरदास | 1. 1533-1618 ई. |
| (ii) नन्ददास | 2. 1504-1563 ई. |
| (iii) मीरा | 3. 1533-1583 ई. |
| (iv) रसखान | 4. 1478-1583 ई. |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

59. तानसेन के गुरु कौन से आचार्य माने जाते हैं?

(A) स्वामी हरिदास

(B) निम्बार्क

(C) वल्लभाचार्य

(D) हित हरिवंश।

60. मीरा का अंतिम समय किस मंदिर में व्यतीत हुआ था:

(A) द्वारिकाधीश मंदिर

(B) श्रीनाथ जी मंदिर

(C) बिहारी जी मंदिर

(D) रणछोड़ मंदिर।

61. 'दुलह राम सीय दुलही री' यह पंक्ति तुलसी के किस काव्य ग्रन्थ की है?

(A) कवितावली

(B) गीतावली

(C) बरवै रामायण

(D) रामचरित मानस।

62. रामानंद के गुरु का नाम बताइए:

(A) राघवानन्द

(B) वल्लभाचार्य

(C) नाभादास

(D) रामानुजाचार्य।

63. रामावत सम्प्रदाय के प्रवर्तक इनमें से कौन हैं?

(A) मध्वाचार्य

(B) रामानंद

(C) नाभादास

(D) राघवानंद।



64. इन कवियों को कालक्रमानुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए:

(A) तुलसीदास, ईश्वरदास, नाभादास, केशवदास

(B) ईश्वरदास, तुलसीदास, केशवदास, नाभादास.

(C) केशवदास, तुलसीदास, नाभादास, ईश्वरदास

(D) नाभादास, केशवदास, तुलसीदास, ईश्वरदास।

65. इनमें से स्वयं भू द्वारा रचित रामकथा कौन-सी है?

(A) पउमचारिउ

(B) पउमचरियम्

(C) महापुराण

(D) रामचरियम्।

66. तुलसी की माता का नाम क्या था?

(A) कौशल्या देवी

(B) विद्यावती

(C) रत्नावली

(D) हुलसी।

67. रामचरितमानस का रचना काल इनमें से क्या है?

(A) 1550 ई.

(B) 1631 ई.

(C) 1574 ई.

(D) 1620 ई.

68. भ्रमरगीत प्रसंग का उपजीव्य ग्रन्थ है:

(A) श्रीमद् भागवत पुराण

(B) श्रीमद्भगवद्गीता

(C) महाभारत

(D) विष्णु पुराण।

69. रहस्यवाद का संबंध ईश्वर के किस रूप से है?

(A) सगुण साकार

(B) निर्गुण निराकार

(C) उक्त दोनों से

(D) इनमें से कोई नहीं।

70. हिन्दी के किस काल में लक्षण ग्रन्थों का निर्माण हुआ है?

(A) आधुनिक काल

(B) रीतिकाल

(C) भक्तिकाल

(D) आदिकाल।

71. इनमें से रीतिसिद्ध कवि कौन है?

(A) बिहारी

(B) धनानंद

(C) देव

(D) ठाकुर।

72. इनमें से रीतिकाल का कौन-सा कवि प्रकृति चित्रण के लिए सुविख्यात है?

(A) भूषण

(B) पदमाकर

(C) धनानंद

(D) सेनापति।

73. "अति सूधो सनेह को मारग है जहां नेकू सयानपन बांक नहीं" यह पंक्ति किस कवि की हैं?

(A) पदमाकर

(B) मतिराम

(C) ग्वाल कवि

(D) धनानंद।

74. डॉ. नगेन्द्र ने रीति ग्रन्थकारो को किस प्रकार का आचार्य माना है?

(A) कवि शिक्षक आचार्य

(B) उद्‌भावक आचार्य

(C) व्याख्याता आचार्य

(D) इनमें से कोई नहीं।

75. इनमें से कौन-सा कथन असत्य है:

(A) बिहारी सतसई में 713 दोहे हैं

(B) भूषण रीतिबद्ध कवि है

(C) धनानंद की प्रेमिका का नाम सुजान था

(D) केशव रीतिकाल के प्रवर्तक हैं।

76. 'भाषा-भूषण' के रचयिता का क्या नाम है।

(A) भूषण

(B) जसवन्त सिंह

(C) देव

(D) कुलपति मिश्र।



77. शिवराज भूषण में अलंकारो की संख्या कितनी है?

(A) 105

(B) 100

(C) 210

(D) 200.

78. इनमें से कौन-सा कवि रीतिमुक्त कवि नहीं है?

(A) ठाकुर

(B) आलम

(C) भूषण

(D) घनानंद।

79. रीतिकाल को अलंकृतकाल नाम किसने दिया?

(A) मिश्र बन्धु

(B) आचार्य शुक्ल

(C) शिवसिंह सेंगर

(D) बच्चन सिंह।

80. अरस्तू के ग्रन्थ का नाम क्या है?

(A) द रिपब्लिक

(B) पोयटिक्स

(C) द सबलाइम

(D) इनमें से कोई नहीं।

81. ध्वनि को काव्य की आत्मा किस आचार्य ने माना है?

(A) आनन्दवर्धन

(B) मम्मट

(C) अभिनवगुप्त

(D) भरतमुनि।

82. इनमें से किस आचार्य ने 'वाक्यं रसात्मकं काव्यं' कहा है?

(A) मम्मट

(B) पण्डितराज जगन्नाथ

(C) अभिनवगुप्त

(D) विश्वनाथ।

83. इन सूचियों को सुमेलित करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए:

| सम्प्रदाय का नाम | प्रवर्तक आचार्य का नाम |
|---|---|
| (i) ध्वनि सम्प्रदाय | 1. आचार्य क्षेमेन्द्र |
| (ii) रस सम्प्रदाय | 2. आनन्दवर्धन |
| (iii) औचित्य सम्प्रदाय | 3. आचार्य वामन |
| (iv) रीति सम्प्रदाय | 4. भरत मुनि। |

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

84. इनमें से कौन सी कहानी हिन्दी की पहली कहानी मानी जाती है?

(A) इन्दुमती

(B) ग्यारह वर्ष का समय

(C) दुलाईवाली

(D) राजा भोज का सपना।

85. 'अन्धायुग' किस विधा की पुस्तक है?

(A) नाटक

(B) गीतिनाटय

(C) कविता

(D) उपन्यास।

86. 'कुटज' निबन्ध किस वर्ग में आएगा?

(A) विचारात्मक

(B) वर्णनात्मक

(C) ललित निबंध

(D) समीक्षात्मक।

87. 'श्रृंखला की कड़ियां' किसकी कृति है?

(A) रघुवीर सहाय

(B) महादेवी वर्मा

(C) कुबेरनाथ राय

(D) अज्ञेय।

88. 'संसद से सड़क तक' के रचयिता है:

(A) धूमिल

(B) श्रीकांत वर्मा

(C) मुक्तिबोध

(D) प्रसाद।



89. उपमेय में उपमान की संभावना होने पर कौन-सा अलंकार होता है?

(A) रूपक

(B) यमक

(C) उपमा

(D) उत्प्रेक्षा।

90. "अनलंकृती पुनः क्वापि" कथन किस आचार्य का है?

(A) आचार्य मम्मट

(B) आचार्य रुद्रट

(C) आचार्य जयदेव

(D) आचार्य विश्वनाथ।

91. 'प्रियप्रवास' किस युग की रचना है?

(A) भारतेन्दु युग

(B) द्विवेदी युग

(C) छायावादी युग

(D) प्रयोगवादी युग।

92. इनमें से मनोविश्लेषवादी उपन्यासकार हैं:

(A) जैनेन्द्र

(B) अज्ञेय

(C) इलाचंद्र जोशी

(D) उपरोक्त सभी।

93. वैद्यनाथ मिश्र इनमें से किसका नाम था?

(A) नागार्जुन

(B) अज्ञेय

(C) धूमिल

(D) दिनकर।

94. आवारा मसीहा किसकी जीवनी है?

(A) विष्णु प्रभाकर

(B) शरतचंद्र

(C) प्रेमचंद

(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर।

95. 'मैला आंचल' किस प्रकार का उपन्यास है?

(A) ऐतिहासिक

(B) सांस्कृतिक

(C) सामाजिक

(D) आंचलिक।

96. परीक्षा गुरु का प्रकाशन हुआ था:

(A) 1882 ई.

(B) 1870 ई.

(C) 1877 ई.

(D) 1890 ई.।

97. 'त्याग पत्र' उपन्यास की केंद्रीय समस्या क्या है?

(A) भ्रष्ट न्याय व्यवस्था

(B) नारी शोषण

(C) राजनीतिक भ्रष्टाचार

(D) सामाजिक।

98. 'मृणाल' के आत्मपीड़न की गाथा इनमें से किस उपन्यास में है?

(A) त्यागपत्र

(B) कल्याणी

(C) रंगभूमि

(D) परख।

99. प्रेमचंद का कौन सा उपन्यास कृषक जीवन का महाकाव्य कहा गया है?

(A) गबन

(B) प्रेमाश्रम

(C) निर्मला

(D) गोदान।

100. 'वापसी' कहानी की लेखिका कौन है?

(A) मन्नू भण्डारी

(B) उषा प्रियंवदा

(C) ममता कालिया

(D) रजनी पनिकर।

101. हिंदी की प्राणधारा डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने किसे माना है?

(A) प्राकृत

(B) अवहट्ट

(C) अपभ्रंश

(D) संस्कृत।

102. छत्तीसगढ़ी किस उपभाषा की बोली है?

(A) पश्चिमी

(B) पूर्वी

(C) बिहारी

(D) राजस्थानी।

himexam



103. 'बैंसवाड़ी' किस बोली का दूसरा नाम है?

(A) कन्नौजी

(B) अवधी

(C) बुंदेली

(D) बांगरू।

104. फोर्ट विलियम कॉलेज कहाँ स्थित था?

(A) मद्रास

(B) कलकत्ता

(C) पांडिचेरी

(D) गुजरात।

105. 'भारोपीय' भाषा परिवार का दूसरा नाम 'इण्डो-जर्मनिक' किसके द्वारा दिया गया है?

(A) डॉ. भोलानाथ तिवारी

(B) मैक्समूलर

(C) जैस्पर्सन

(D) डॉ. चाटुर्या।

106. व्यावहारिक खड़ी बोली गद्य की प्रथम पुस्तक का नाम है?

(A) योग वशिष्ठ

(B) अगहन माहात्म्य

(C) वैशाख माहात्म्य

(D) प्रेम सागर।

107. भाषा विज्ञान के अध्ययन की कितनी पद्धतियाँ हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) छः

108. भाषा संरचना का मूलाधार है?

(A) ध्वनि

(B) स्वर

(C) व्यजंन

(D) ध्वनि प्रतीक।

109. विकारी-अविकारी शब्दों के कितने-कितने भेद हैं?

(A) चार-चार

(B) दो-दो

(C) छः-छः

(D) आठ-आठ।

110. "उर्दु भाषा से हिन्दी भाषा का विकास हुआ है।" यह कथन किस आलोचक का है?

(A) गार्सा-द-तासी

(B) जार्ज ग्रियर्सन

(C) भोलानाथ तिवारी

(D) डॉ. श्याम सुंदर दास।

111. विश्व की ऐसी कौन सी भाषा है, जो अपना रूप परिवर्तित नही करती?

(A) रोमन

(B) संस्कृत

(C) लिथुआनिया

(D) फारसी।

112. हिंदी वर्णमाला में वर्ग की प्रथम, तृतीय और पंचम ध्वनियों को प्राणत्व के आधार पर क्या कहते हैं?

(A) अल्पप्राण

(B) महाप्राण

(C) घोष

(D) अघोष।

113. 'हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' नामक पुस्तक के लेखक हैं?

(A) डॉ. बच्चन सिंह

(B) डॉ. रविचन्द्र चौधरी

(C) डॉ. नगेन्द्र

(D) डॉ. गणपति चन्द्रगुप्त।

114. किसी मूल रचना को पढ़कर उसका जो प्रभाव अनुवादक के मनोमास्तिष्क पर पड़ता है, और उसी आधार पर वह अनुवाद करता है, तो उस अनुवाद को क्या कहते हैं?

(A) आशु-अनुवाद

(B) भावानुवाद

(C) छायानुवाद

(D) व्याख्यानुवाद।



115. 'हवा में गांठ लगाना' मुहावरे का अर्थ है:

(A) बिना लागत के बढ़िया कमाई होना

(B) बड़े-बड़े दावे करना

(C) बहुत ज्यादा अंधेरा होना

(D) असमर्थता जताना।

116. 'आप हारे बहु को मारे' लोकोक्ति का अर्थ है:

(A) अपनी असफलता का गुस्सा कमजोर पर उतारना

(B) मुसीबत को निमन्त्रण देना

(C) दोनों और विपत्ति होना

(D) भिन्न-भिन्न रास्ते होना।

117. 'अतिथि' का पयार्यवाची शब्द है:

(A) अभ्यागत

(B) सहकार

(C) पिकबंधु

(D) यातुधान।

118. 'रुग्ण' का विपरीतार्थक शब्द है?

(A) तुच्छ

(B) कृपण

(C) लाभ

(D) स्वस्थ।

119. व्यवस्था से पूर्व कौन-सा उपसर्ग लगाएं कि उसका अर्थ विपरीत हो जाए?

(A) अ

(B) आ

(C) अप

(D) परी।

120. 'Allergy' का अर्थ है:

(A) उर्जत्ता

(B) निर्जूंता

(C) उत्सर्जंता

(D) प्रत्यूर्जता।

## SECTION–II : GENERAL AWARENESS INCLUDING H.P. CURRENT AFFAIRS AND ENVIRONMENTAL STUDIES

121. हिमाचल प्रदेश में पहले "वेदर डॉप्लर रडार" की स्थापना किस स्थान पर की गई है?

(A) कुफरी

(B) सुन्दर नगर

(C) नौणी

(D) पालमपुर।

121. At which place, the first "Weather Doppler Radar" is established in H.P. ?

(A) Kufri

(B) Sundar Nagar

(C) Nauni

(D) Palampur.

122. किस वंश के शासक ने श्रीलंका पर आक्रमण किया था?

(A) चालुक्य

(B) राष्ट्रकूट

(C) पाण्ड्या

(D) चोल नरेश।

122. Name the Dynasty of a ruler who attacked Sri Lanka?

(A) Chalukya

(B) Rashtrakuta

(C) Pandya

(D) Chola Naresh.

123. शिवाजी ने 16 जून 1674 को ताज ग्रहण करते समय कौन सी उपाधि धारण की थी?

(A) राजाओं का राजा

(B) सुल्तान

(C) छत्रपति

(D) चक्रवर्ति सम्राट।

123. What title did Shivaji hold on 16th June 1674 after crowing the Taj?

(A) Governance of king

(B) Sultan

(C) Chhatrapati

(D) Chakarvarti Samrat.



124. संसद के दोनों सदनों में बैठक के पहले घंटे को क्या कहा जाता है?

(A) शून्यकाल

(B) प्रश्नकाल

(C) निन्दा प्रस्ताव

(D) ध्यानाकर्षण प्रस्ताव।

124. What is first hour called in both houses of the Parliament?

(A) Zero hour

(B) Question hour

(C) Censure motion

(D) Calling Attention.

125. भारत का सबसे बड़ा 'पठारी' राज्य है:

(A) मध्य प्रदेश

(B) राजस्थान

(C) हिमाचल

(D) जम्मू कश्मीर।

125. Name the biggest 'Plateau' state of India :

(A) Madhya Pradesh

(B) Rajasthan

(C) Himachal

(D) Jammu Kashmir.

126. हिमाचल प्रदेश के किस स्थान पर वार मैमोरियल स्थित है?

(A) धर्मशाला

(B) ऊना

(C) सोलन

(D) चम्बा।

126. War Memorial is located at which Place in Himachal Pradesh?

(A) Dharamshala

(B) Una

(C) Solan

(D) Chamba.

127. हिमाचल में 'पंचायती राज अधिनियम' कब वापिस किया गया?

(A) 1948 ई. में

(B) 1958 ई. में

(C) 1968 ई. में

(D) 1978 ई. में।

128. "सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है" यह नारा किसने दिया?

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) सी.आर. दास

(C) पं. रवि शंकर

(D) राम प्रसाद बिस्मिल।

129. भारतीय वायु सेना की स्थापना कब हुई?

(A) 8 अक्टूबर 1912 ई.

(B) 8 अक्टूबर 1922 ई.

(C) 8 अक्टूबर 1932 ई.

(D) 8 अक्टूबर 1942 ई.

127. When was 'Panchayati Raj Act' withdrawn in Himachal?

(A) in 1948 A.D.

(B) in 1958 A.D.

(C) in 1968 A.D.

(D) in 1978 A.D.

128. The Desire of "Sarfaroshi Ki Tamanna". Who gave this Slogan?

(A) Bal Gangadhar Tilak

(B) C.R. Das

(C) Pt. Ravi Shankar

(D) Ram Prasad Bismil.

129. When was Indian Air force established?

(A) 8 Oct. 1912 A.D.

(B) 8 Oct. 1922 A.D.

(C) 8 Oct. 1932 A.D.

(D) 8 Oct. 1942 A.D.



130. 'लालू जी' नामक जोत (पान) हिमाचल प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

(A) कुल्लू

(B) लाहौल-स्पीति

(C) कांगड़ा

(D) चम्बा।

131. "ऑपरेशन ब्लू स्टार" किससे सम्बन्धित है?

(A) स्वर्ण मंदिर से

(B) सूर्य मंदिर से

(C) लाल किले से

(D) राम मंदिर से।

132. "बिहू नृत्य" भारत के किस राज्य से सम्बन्धित है?

(A) हिमाचल

(B) बिहार

(C) असम

(D) पंजाब।

130. Where is "Lalu Ji" Jot (Paan) situated in H.P.?

(B) Kullu

(B) Lahoul Spitti

(C) Kangra

(D) Chamba.

131. "Operation Blue Star" is related to :

(A) Swarna Mandir

(B) Surya Mandir

(C) Lal Qila

(D) Ram Mandir.

132. To which State of India is "Bihu Dance" related?

(A) Himachal Pradesh

(B) Bihar

(C) Assam

(D) Punjab.

133. भारत ने श्रीलंका से "शान्ति सेना" को कब वापिस बुला लिया था?

(A) 1987 ई. में

(B) 1988 ई. में

(C) 1989 ई. में

(D) 1990 ई. में।

133. When India called "Back Peace" Keeping force from Sri Lanka?

(A) In 1987 A.D.

(B) In 1988 A.D.

(C) In 1989 A.D.

(D) In 1990 A.D.

134. 1 नवंबर 1978 ई. को हिमाचल प्रदेश के किस स्थान पर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई?

(A) मशोबरा (शिमला)

(B) कमान्द (मण्डी)

(C) ताल (हमीरपुर)

(D) पालमपुर (कांगड़ा)।

134. At which place H.P. Agriculture University was established on 1st Nov. 1978 A.D. ?

(A) Mashobra (Shimla)

(B) Kamand (Mandi)

(C) Taal (Hamirpur)

(D) Palampur (Kangra).

135. लोकसभा में किसी विधेयक को धन-विधेयक के रूप में कौन प्रमाणित करता है?

(A) वित्त मंत्री

(B) लोकसभा अध्यक्ष

(C) प्रधान मंत्री

(D) राष्ट्रपति।

135. Who certifies a bill as a money bill in the Lok Sabha?

(A) Finance Minister

(B) Lok Sabha Speaker

(C) Prime Minister

(D) President.



136. "आनन्दमठ" के लेखक का क्या नाम है?

(A) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय

(B) बिहारी

(C) विष्णु शर्मा

(D) निराला।

136. Name the "Author" of Anand Math?

(A) Bankimchandra Chattopadhyay

(B) Bihari

(C) Vishnu Sharma

(D) Nirala.

137. कुल्लू जिले मे 'देवी हिडिम्बा' की याद में कौन-सा उत्सव मनाया जाता है?

(A) दुर्गा मेला

(B) काहिका मेला

(C) डुंगरी मेला

(D) वेसु मेला।

137. Which Festival is celebrated in the (Glory) Memory of Goddess "Hadimba"?

(A) Durga Fair

(B) Kahika Fair

(C) Dungri Fair

(D) Vesu Fair.

138. 'प्रिवी पर्स' की समाप्ति किस वर्ष हुई थी?

(A) 1960 ई. में

(B) 1961 ई. में

(C) 1970 ई. में

(D) 1971 ई. में।

138. Name the year when "Privi Purse" ended?

(A) In 1960 A.D.

(B) In 1961 A.D.

(C) In 1970 A.D.

(D) In 1971 A.D.

139. 1857 ई. के विद्रोह को "भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष" किसने कहा था?

(A) भगत सिंह

(B) वीर सावरकर

(C) सुभाष चन्द्र बोस

(D) रानी लक्ष्मीबाई।

139. Who called 1857 A.D. revolt as first struggle for freedom of India?

(A) Bhagat Singh

(B) Veer Savarkar

(C) Subhash Chandra Bose

(D) Rani Laxmi Bai.

140. हिमाचल प्रदेश के "गोविन्द सागर वन्य जीव विहार" के संरक्षण का भार किसे सौंपा गया है?

(A) भाखड़ा प्रबन्धन समिति को

(B) मण्डी वन विभाग को

(C) बिलासपुर वन विभाग को

(D) हमीरपुर वन विभाग को।

140. Who was given the "Charge for conserving the Govind Sagar" wild life century?

(A) Bhakra Management Committee.

(B) Mandi Forest Deptt.

(C) Bilaspur Forest Deptt.

(D) Hamirpur Forest Deptt.

141. मुख्यमंत्री "सेवा संकल्प हैल्पलाइन नम्बर" है :

(A) 1000

(B) 1100

(C) 1098

(D) 9810.

141. Chief Minister "Seva Sanklap Helpline" number is :

(A) 1000

(B) 1100

(C) 1098

(D) 9810.



142. हिमाचल प्रदेश के किस ज़िले में राज्य विश्व विद्यालय 2022 में खोला गया?

(A) कुल्लू

(B) चम्बा

(C) मण्डी

(D) बिलासपुर।

142. In 2022, in which District a state University has been opened in Himachal Pradesh?

(A) Kulla

(B) Chamba

(C) Mandi

(D) Bilaspur.

143. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 5 मार्च

(B) 5 अप्रैल

(C) 5 मई

(D) 5 जून।

143. When do celebrate World Environment day?

(A) 5 March

(B) 5 April

(C) 5 May

(D) 5 June.

144. 1857 ई. को क्रांति के समय शिमला का डिप्टी कमिश्नर कौन था?

(A) सैंडमैन

(B) तमस

(C) विलियम हेग

(D) इनमें से कोई नहीं।

144. Who was the Deputy Commissioner of Shimla at the time of Revolt of 1857 A.D. ?

(A) Sandman

(B) Tamus

(C) William Hague

(D) None of these.

145. 'विश्व रक्तदान दिवस' कब मनाया जाता है?

(A) 5 जून

(B) 14 जून

(C) 4 अप्रैल

(D) 16 सितम्बर।

145. "World Blood Donor Day" is celebrated on :

(A) 5th June

(B) 14th June

(C) 4th April

(D) 16th September.

146. भूमध्य रेखा कितने अक्षांश से होकर गुजरती है?

(A) 0°

(B) 300°

(C) 600°

(D) 900°.

146. Through Law many Latitude does Equator passes ?

(A) 0°

(B) 300°

(C) 600°

(D) 900°.

147. मानस व काजीरंगा असम वन्य प्राणी अभयारण्य मुख्य रूप से किन प्राणियों के लिए हैं?

(A) शेर

(B) चीता

(C) हाथी

(D) गैंडा।

147. Manas and Kaziranga Assam Wildlife Sanctuaries mainly for which animals?

(A) Lion

(B) Leopard

(C) Elephant

(D) Ganda.



148. भारत की स्वतंत्रता के समय इग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?

(A) लॉर्ड रसेल

(B) स्टालिन चर्चिल

(C) लॉर्ड एटली

(D) इनमें से कोई नहीं।

148. Who was the PM of England at the time of Independence of India?

(A) Lord Russell

(B) Stalin Churchill

(C) Lord Attlee

(D) None of these.

149. प्रदेश का हिमालय राष्ट्रीय उद्यान कितने क्षेत्र में फैला हुआ है?

(A) 66200 हैक्टैयर

(B) 66000 हैक्टैयर

(C) 72000 हैक्टैयर

(D) 76000 हैक्टैयर

149. What is the area of Himalayan National park?

(A) 66200 Hac.

(B) 66000 Hac.

(C) 72000 Hac.

(D) 76000 Hac.

150. हिमाचल प्रदेश के किस जिले में मकोड़ी जोत स्थित है?

(A) कांगड़ा

(B) कुल्लू

(C) मण्डी

(D) किन्नौर।

150. Makori Jot is situated in which district of Himachal Pradesh?

(A) Kangra

(B) Kullu

(C) Mandi

(D) Kinnour.